राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–82/2024

राज्यपाल ने रामनवमी के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 16 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रामनवमी के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि रामनवमी का पर्व हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। सत्य, न्याय और करूणा के प्रति अटूट निष्ठा मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन चरित्र है। वे जीवन में शक्ति, पराक्रम और करूणा के आदर्श हैं।

राज्यपाल ने कामना की है कि यह त्योहार लोगों के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली लाये तथा भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करे।

....